Title: Need to open a Navodaya Vidyalaya in Parbhani Parliamentary Constituency.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र परभणी की जनसंख्या 25 लाख है तथा इसमें 12 लाख वोटर हैं। यहां एक भी नवोदय ि वद्यालय नहीं है। परभणी जिले का विभाजन होने के पश्चात् वसमत स्थित जो नवोदय विद्यालय मेरे क्षेत्र में पड़ता था, अब महाराट्र के हिंगोली जिले में चला गया है। मेरा निर्वाचन क्षेत्र, शिक्षा सुविधाओं की दृटि से पहले से ही पिछड़ा हुआ है तथा इस जिले में नवोदय विद्यालय की अत्यधिक आवश्यकता है। मेरे बार-बार अनुरोध के बावजूद अब तक इस विाय में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

अतः इस माननीय सदन के माध्यम से मैं मानव संसाधन मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वह मेरे निर्वाचन क्षेत्र परभणी में एक नवोदय विद्यालय खोलने हेतु तुरन्त निर्देश देने का कट करें।